महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

केन्द्र अधीक्षक / स्थायी पर्यवेक्षक,
सम सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक परीक्षा /
बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा–2020,
हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र।

संख्याः–प्राशिप / अनु03 / 2020 / 3920 लखनऊःदिनांक– 27-09-2020

विषयः–सम सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, सितम्बर–2020 के प्रश्नपत्र के हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं / संस्करणों में उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आप अवगत ही हैं कि वर्तमान में सम सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक परीक्षा / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, सितम्बर–2020 प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 25–09–2020 से प्रचलित है एवं परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों का ऑनलाइन संप्रेषण किया जा रहा है।

अवगत कराना है कि छात्र / छात्राओं की सुविधा के दृष्टिगत प्रश्नपत्रों का मुद्रण हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में कराया जाता है, जिससे किसी छात्र / छात्रा को असुविधा का सामना न करना पड़े। परंतु कतिपय परीक्षा केन्द्रों के परीक्षार्थियों द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि उन्हें मात्र हिन्दी भाषा में मुद्रित प्रश्नपत्र ही उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनको कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त के दृष्टिगत आपसे अपेक्षा है कि प्रश्नपत्रों के दोनो पर्ण (हिन्दी एवं अग्रेजी भाषा में) परीक्षार्थियों को हस्तगत कराने का कष्ट करें, जिससे उन्हें किसी भी तरह की असुविधा न हो।

भवदीय,

(डा0 आर0 के0 सिंह)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / अनु03 / 2020 / 3921–24 तददिनांक– 27-09-2020

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय से कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित परीक्षा केन्द्र के केन्द्र अधीक्षक / स्थायी पर्यवेक्षक को अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।

(डा0 आर0 के0 सिंह)
सचिव